# कार्यालय पुलिस उपायुक्त वरुणा जोन, पुलिस कमिश्नरेट वाराणसी

## प्रेस नोट

**दिनांक-24.06.2025**

**विषयः- घर से जेवरात व नगद चोरी करने के मामले में वांछित 01 नफ़र अभियुक्ता को थाना लालपुर पाण्डेयपुर पुलिस टीम द्वारा गिरफ्तार किया गया, चोरी का माल बरामद।**

श्रीमान पुलिस आयुक्त वाराणसी के चोरी/लूट/नकबजनी की घटनाओ के सफल अनावरण एवं वांछित/फरार अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में, श्रीमान पुलिस उपायुक्त वरुणा ज़ोन के निर्देशन में, श्रीमान् अपर पुलिस उपायुक्त वरुणा ज़ोन के पर्यवेक्षण में एवं श्रीमान सहायक पुलिस आयुक्त कैंट के कुशल नेतृत्व में थाना लालपुर पाण्डेयपुर पुलिस टीम द्वारा मु0अ0सं0-0167/2025 धारा 305(A) बी0एन0एस0 बढ़ोतरी धारा 317(2) बी0एन0एस0 थाना लालपुर पाण्डेयपुर कमिश्नरेट वाराणसी से संबंधित 01 नफ़र वांछित अभियुक्ता को आज दिनांक-24.06.2025 को समय करीब 15.00 बजे ग्राम मढवा से गिरफ्तार किया गया। अभियुक्ता की निशानदेही पर मुकदमा उपरोक्त से संबंधित चोरी का माल (02 अदद चेन पीली धातु व 01 अदद अंगुठी पीली धातु) बरामद किया गया। उक्त गिरफ्तारी/बरामदगी के सम्बन्ध में थाना लालपुर पाण्डेयपुर पुलिस द्वारा आवश्यक विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**घटना का विवरण-**

दिनांक-23.06.2025 को वादी मुकदमा/प्रार्थी ने प्रतिवादी उपरोक्त द्वारा दिनांक-18.06.2025 को वादी के घर के अन्दर से वादी की पत्नी के पर्स से 02 अदद चेन, 01 अदद अंगूठी व 10,000/- रुपये चोरी कर लेने के सम्बन्ध में लिखित प्रार्थना पत्र दिया, जिसके आधार पर थाना लालपुर पाण्डेयपुर में मु0अ0सं0-0167/2025 धारा 305(a) बी0एन0एस0 पंजीकृत किया गया। जिसकी विवेचना उ0नि0 अम्बरीश दुबे द्वारा सम्पादित की जा रही है।

**पूछताछ का विवरण-**

अभियुक्ता उपरोक्त ने पूछताछ करने पर बताया कि मैं रसूलपुर मढ़वा स्थित एक घर काम करती थी। तीन-चार दिन पहले मैंने मौका पाकर पर्स से 02 चेन व 01 अंगूठी चुरायी थी, जिसको मैं लाकर अपने घर में आलमारी में छुपाकर रखी थी ताकि मौका पाकर यह सब माल बेचकर पैसा प्राप्त किया जा सके और दस हजार रूपये जो चुराये थे वह मेरे द्वारा घर का सामान लाने में खर्च हो गये हैं।

**गिरफ्तार अभियुक्ता का विवरण-** मुकदमा उपरोक्त से संबंधित 01 नफ़र अभियुक्ता, उम्र करीब 30 वर्ष।

**गिरफ़्तारी का स्थान, दिनांक व समय-**

ग्राम मढवा से, दिनांक-24.06.2025 को समय करीब 15.00 बजे।

**बरामदगी का विवरण-**

चोरी गया माल (02 अदद चेन पीली धातु व 01 अदद अंगुठी पीली धातु) बरामद।

**आपराधिक इतिहास-**

1. मु0अ0सं0- 0167/2025 धारा 305(A),317(2) बी0एन0एस0 थाना लालपुर पाण्डेयपुर कमि0 वाराणसी।

**गिरफ़्तारी/बरामदगी करने वाली पुलिस टीम का विवरण-**

1. प्रभारी निरीक्षक राजीव कुमार सिंह थाना लालपुर पाण्डेयपुर कमिश्नरेट वाराणसी।
2. उ0नि0 अम्बरीश दूबे थाना लालपुर पाण्डेयपुर कमिश्नरेट वाराणसी।
3. उ0नि0 अनिल कुमार सिंह थाना लालपुर पाण्डेयपुर कमिश्नरेट वाराणसी।
4. का0 आशुतोष सिंह थाना लालपुर पाण्डेयपुर कमिश्नरेट वाराणसी।
5. म0का0 रीमा थाना लालपुर पाण्डेयपुर कमिश्नरेट वाराणसी।

**सोशल मीडिया सेल**
**पुलिस उपायुक्त**
**वरूणा जोन, कमिश्नरेट वाराणसी।**